भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1096

गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में ईको-पर्यटन जिले

1096. श्री हर्षवर्धन सिंह डुंगरपुरः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा देश में ईको-पर्यटन जिलों की संकल्पना विकसित की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो महाराष्ट्र में ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अब तक चिन्हित किये गए जिलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) राज्य के विभिन्न जिलों में ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने में राज्य सरकार कितनी सहायक रही है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): इको पर्यटन सहित पर्यटन का संवर्धन और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास हेतु स्वदेश दर्शन योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। देश में ईको पर्यटन की क्षमता को पहचानते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत "इको-परिपथ" को एक थीमैटिक परिपथ के रूप में अभिज्ञात किया है। देश में स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत महाराष्ट्र राज्य के लिए कोई भी परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृत की जाती हैं। राज्य सरकार द्वारा परियोजना प्रस्ताव की प्रस्तुति और उसकी स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है।

****

अनुबंध

महाराष्ट्र में ईको-पर्यटन जिले के सम्बन्ध में दिनांक 10.02.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1096 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना की ईको- परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(करोड़ रु में)

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**परिपथ का वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	उत्तराखंड	2015-16	टिहरी झील के चारों ओर टिहरी – चम्बा - सरैन परिपथ का विकास	69.17	65.71
2.	तेलंगाना	2015-16	महबूबनगर जिले (सोमसिला, सिंगटम, कडालईवनम, अक्कामहादेवी, इगलनपंटा, फराहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलातीर्थम) में परिपथ का विकास	91.62	87.04
3.	केरल	2015-16	पथनमथिट्टा – गावी – वगमोन – थिक्केडी का विकास	76.55	61.24
4.	मिजोरम	2016-17	आईजवल – रॉपुइछिप-खॉहपॉप- लेंगपुई – दुर्तलांग – चटलांग – सकावर्हमुईतुईतलांग – मुथी – बेरतलवांग – तुईरियाल एयरफिल्ड् – ह्मुईफांग में ईको-एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37	49.53
5.	मध्य प्रदेश	2017-18	गांधीसागर बांध – मंडलेश्वर बांध – ओंकारेश्वर बांध – इंदिरा सागर बांध – तवा बांध – बारगी बांध - भेडाघाट – बानसागर बांध – केन नदी का विकास	94.61	79.70
6.	झारखंड	2018-19	डालमा – चांडिल – गेतलसुद – बेतला नेशनल पार्क – मिर्चैया – नेतरहाट का विकास	52.72	15.07
			कुल	**451.04**	**358.29**

****